प्रेस नोट

26/11/2024

मऊ। आज दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री महेश सिंह अत्री द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रुप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया व राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। 26 नवंबर 1949 का दिन आजाद भारत के इतिहास का बड़ा ऐतिहासिक दिन था। इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ और उसे अपनाया गया। इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इसी तरह जनपद के समस्त कार्यालयों व पुलिस लाइन/थानों/चौकियों में संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया व राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलायी गयी।

एक शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 1620 रुपये, देशी तमन्चा व कारतूस बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.11.2024 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर महुआर की तरफ जाने वाली नहर पटरी के पास से मु0अ0सं0 274/24 धारा 305,324(4),331(6),317(2),317(4),238 बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार पुत्र मुंशीराम निवासी बहतुरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर के कब्जे से थाना कोपागंज क्षेत्रान्तर्गत डांडी चट्टी में देशी शराब की दुकान से हुई चोरी से संबंधित 1620 रुपये तथा 01 अदद देशी तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 327/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार पुत्र मुंशीराम निवासी बहतुरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर।

बरामदगी–

1. चोरी की 1620 रूपये।
2. 01 अदद देशी तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

अभियोग का विवरण–

1. मु0अ0सं0 274/24 धारा 305,324(4),331(6),317(2),317(4),238 बीएनएस थाना कोपागंज जनपद मऊ।
2. मु0अ0सं0 327/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना कोपागंज जनपद मऊ।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक कोपागंज श्री नवल किशोर सिंह, उ0नि0 सतीश कुमार यादव, उ0नि0 हरिकेश यादव, हे0का0 चालक कृष्ण कुमार सिंह, का0 अजय यादव, का0 मंजीत कुमार, का0 संदीप कुमार, का0 चा0 दीपक कुमार थाना कोपागंज जनपद मऊ।